CIN: L51100UP1990PLC012089

# RICH UNIVERSE NETWORK LIMITED

(Formerly Known as Rich Capital & Financial Services Limited)
Regd. Office: 7/125, (C-2), 2nd FLOOR, SWAROOP NAGAR, KANPUR – 208002
E-mail: rcfsl@rediffmail.com

**Dated: 23 August 2025**

To,
The Deputy General Manager,
Department of Corporate Services,
BSE LIMITED
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai– 400001

**SUB: NEWSPAPER PUBLICATION OF NOTICE FOR 35TH ANNUAL GENERAL MEETING OF THE COMPANY**

**Ref.: RICH UNIVERSE NETWORK LTD. (SCRIP CODE-530271)**

Dear Sir/Madam,

We herewith enclose copies of newspaper advertisements regarding the notice of the 35th Annual General Meeting of the Company for the Year 2024-2025, to be held on Tuesday, 16th September, 2025 at the Registered office of the company at 7/125, (C-2), 2nd Floor, Swaroop Nagar, Kanpur – 208002.

Published in 'Financial Express' and 'Jansatta' on August 22, 2025 and August 23, 2025 respectively.

The above information is also available on the website of the Company www.richuninet.com.

Thanking you.

**FOR RICH UNIVERSE NETWORK LTD.**

Shashwat Agarwal

Digitally signed by Shashwat Agarwal
Date: 2025.08.23 11:58:19 +05'30'

**SHASHWAT AGARWAL**
**(MANAGING DIRECTOR)**
**(DIN: 00122799)**

### कांवड़ियों पर टिप्पणी का मामला


# स्वामी प्रसाद मौर्य व इकबाल महमूद के खिलाफ याचिका

संभल, 22 अगस्त (भाषा)।

कांवड़ियों के प्रति कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर संभल जिले की एक अदालत में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और समाजवादी पार्टी के विधायक इकबाल महमूद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की गई है। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तारीख तय की है।

हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीनियर डिवीजन) सांसद-विधायक अदालत आदित्य सिंह की अदालत में याचिका दायर कर दोनों नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध किया है। सिमरन गुप्ता ने बताया कि उप्र सरकार के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने हाल ही में कांवड़ियों को सरकारी संरक्षण में फलते-फूलते 'गुंडे और माफिया' कहा था। गुप्ता का


स्वामी प्रसाद मौर्य


इकबाल महमूद

आरोप है कि इस बयान से लाखों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इसी तरह, संभल के विधायक इकबाल महमूद पर भी कांवड़ियों को 'गुंडे और मवाली' कहने का आरोप है। गुप्ता के अनुसार, महमूद ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि 'कांवड़ यात्रा में शिव भक्तों से ज्यादा गुंडे और मवाली होते हैं।' गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में बहजोई थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## राहुल गांधी से संबंधित मानहानि मामले की सुनवाई नौ सितंबर को होगी

सुल्तानपुर, 22 अगस्त (भाषा)।

जनपद के सांसद-विधायक अदालत में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से संबंधित मानहानि मामले की सुनवाई अब नौ सितंबर को होगी। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई होनी थी लेकिन अदालत ने राहुल गांधी के अधिवक्ता द्वारा समय मांगे जाने पर अगली सुनवाई की तारीख दे दी। मामले में वादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने यह जानकारी दी।

# शीर्ष अदालत ने यथास्थिति बनाए रखने का दिया आदेश

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की संभल मस्जिद के खिलाफ हिंदू वादियों द्वारा दायर मुकदमे पर 25 अगस्त तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के 19 मई, 2025 के आदेश के खिलाफ संभल मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई के बाद यह कदम उठाया।

**संभल शाही जामा मस्जिद विवाद मामला।**

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि संभल स्थित शाही जामा मस्जिद के खिलाफ मुकदमा उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के तहत प्रतिबंधित नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने दलील दी कि चुनौती हाई कोर्ट के इस निष्कर्ष को लेकर है कि मुकदमा उपासना स्थल अधिनियम के तहत प्रतिबंधित नहीं है। इस पर न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने पूछा कि क्या इस मामले को उपासना स्थल अधिनियम से संबंधित याचिकाओं के साथ जोड़ा जाना चाहिए। प्रतिवादियों की ओर से वकील विष्णु शंकर जैन ने दलील दी कि इस मामले में पूजा स्थल अधिनियम से संबंधित मुद्दा ही नहीं उठा। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि संभल मस्जिद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) द्वारा संरक्षित स्मारक है, इसलिए यह अधिनियम के दायरे से बाहर है। उन्होंने कहा कि वादी केवल स्मारक तक पहुंच की मांग कर रहे हैं।

जैन ने आगे दलील दी कि न्यायालय की एक अन्य पीठ ने शुक्रवार को ही एक आदेश पारित किया कि एएसआइ द्वारा संरक्षित एक स्मारक पूजा स्थल अधिनियम के अंतर्गत नहीं आता। इसके बाद पीठ ने जैन से सोमवार को उक्त आदेश प्रस्तुत करने को कहा। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने मामले की सुनवाई सोमवार तक स्थगित करते हुए कहा कि हम उस आदेश को देखेंगे। हम असंगत आदेश पारित नहीं करना चाहते। इसके साथ ही उस वक्त तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया गया। हाई कोर्ट ने निचली अदालत के 19 नवंबर, 2024 के आदेश को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति की याचिका खारिज कर दी थी। जिसमें मस्जिद परिसर की स्थानीय जांच के लिए एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया गया था।

## खबर कोना

### दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, पथराव में पांच लोग हुए घायल

मोदीनगर, 22 अगस्त (जनसत्ता)।

मुरादनगर कोतवाली क्षेत्र में ईदगाह कालोनी स्थित लाल पुल के पास दो पक्षों के बीच गुरुवार रात हुए हिंसक झड़प में जमकर पथराव हुआ। इस दौरान पांच लोग घायल हुए हैं। वहीं, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर दोनों पक्षों के लोग भाग गए। पुलिस ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बच्चों के बीच हुई छोटी सी कहासुनी ने बड़ों के बीच हिंसक झड़प का रूप ले लिया। जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। करीब 10 से 15 मिनट तक चले पथराव में इलाके में हड़कंप मच गया। घटना में पांच लोग घायल हुए। जिनमें एक महिला और एक मासूम बच्चा भी शामिल है। घायलों को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मुरादनगर पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस झगड़ा करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करेगी।

### उरई : दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में चार घायल

उरई, 22 अगस्त (जनसत्ता)।

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों मोटरसाइकिल पर सवार चार लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, रामपुरा कस्बा के तला मोहल्ला निवासी चाहत (17) पुत्र जगत सिंह अपने भाई साहिल (14) के साथ किसी काम से माधौगढ़ जा रहा था। वहीं, कोतवाली क्षेत्र के गांव रुदपुरा निवासी सोनू (21) पुत्र अशोक कुमार अपने साथी मटरू के साथ मोटरसाइकिल से माधौगढ़ से अपने गांव जा रहा था। रास्ते में दोनों मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। राहगीर व स्थानीय दुकानदारों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर साहिल व सोनू की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### करंट लगने के बाद युवक को मिट्टी में दबाकर रखा, मौत

पीलीभीत, 22 अगस्त (भाषा)।

घुघचाई थाना क्षेत्र में हाई टेंशन लाइन के तार की चपेट में आने और फिर अंधविश्वास के तहत एक घंटे तक घर पर ही इलाज किए जाने के कारण एक युवक की मौत हो गई। युवक के परिजनों ने एक घंटे तक मिट्टी में दबाकर उसका उपचार किया और फिर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव लुकटिहाई निवासी दाताराम (35) शुक्रवार को बांस काट रहा था, इस बीच बांस के ऊपर से गुजर रहा हाई टेंशन लाइन का तार बांस से छू गया। बांस में करंट उतरने से दाताराम बिजली की चपेट में आ गया और वह बेहोश हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, उसके रिश्तेदारों ने उसे अस्पताल ले जाने के बजाय उसे जमीन पर लिटाकर मिट्टी से दबा दिया और उसके हाथ-पैर रगड़कर लगभग एक घंटे तक उसे होश में लाने की कोशिश की। थाना प्रभारी प्रकाश चंद्र ने कहा कि जब सभी प्रयास विफल रहे तो दाताराम को पुनरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


**साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड**
SOUTH INDIAN Bank — Experience Next Generation Banking

**क्षेत्रीय कार्यालय** – दिल्ली, तीसरी मंजिल, प्लॉट संख्या 21, 21/1, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली –110005,
**फोन** – 011 4233 1664/011 4512 866/ 7982865660
**ईमेल** – ro1008@sib.co.in/ qc1008@sib.co.in

आरओ: DEL/CRD/SAR/29/2025-26 दिनांक: 21.08–2025

**ई–नीलामी बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना।**

**1. श्री प्रदीप कुमार रस्तोगी (मालिक–मेसर्स एयर कंडीशनर पॉइंट)**
भूतल, 104ए/347, राम बाग, कानपुर नगर– उ.प्र.–208012
**अन्य पता :** निवासी 111ए/354, अशोक नगर, आर.के. नगर, कानपुर, उ.प्र.–208012
**अन्य पता :** 111/430, 80 फीट रोड, कानपुर, उ.प्र.–208012
**2. श्रीमती नीरू रस्तोगी**
**निवासी–** 111ए/354, अशोक नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश – 208012
**अन्य पता** : 111/430 80 फीट रोड, कानपुर, उत्तर प्रदेश – 208012

एतदद्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता/गारंटर को सूचित किया जाता है कि साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड, शाखा कानपुर (प्रतिभूत ऋणदाता) के पास बंधक रखी गई नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड (प्रतिभूत ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है" के आधार पर, "जो है जैसा है" और "जो कुछ भी है" की शर्त पर 09–09–2025 को रु. 1,38,77,292.36 (रुपये एक करोड़ अड़तीस लाख सतहत्तर हजार दो सौ बानवे और पैसे छत्तीस मात्र) दिनांक 05–05–2025 को, उस पर भविष्य में ब्याज, लागत और व्यय आदि सहित, की वसूली हेतु बेचा जाएगा, जो उपरोक्त उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) से द साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड, शाखा कानपुर (सुरक्षित लेनदार) को देय है।

| संपत्ति स्वामी का नाम | श्री प्रदीप कुमार रस्तोगी |
|---|---|
| संपत्ति का विवरण | कानपुर नगर क्षेत्र के एसआर ज़ोन–2, कानपुर नगर में बहुमंजिला इमारत की पहली मंजिल पर स्थित फ्लैट संख्या 111ए/354 का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 117.054 वर्ग मीटर है, जिसमें साझा क्षेत्रों और सुविधाओं के अधिकार, निर्माणों पर अन्य सभी अनुलग्न अधिकार, विद्यमान या निर्मित होने वाले सुखाधिकार अधिकार और उनमें सुधार शामिल हैं, साथ ही अशोक नगर, एसआर जोन–2, कानपुर नगर जिला, कानपुर, उत्तर प्रदेश–208012 में 139.62 वर्ग मीटर भूमि में से 31.43 वर्ग मीटर आनुपातिक अविभाजित हिस्सा, जो श्री प्रदीप कुमार रस्तोगी के स्वामित्व में है और जिसका विवरण पंजीकृत बिक्री विलेख दस्तावेज संख्या; 5695/2012. दिनांक 20–09–2012, एसआरओ – ज़ोन–2 कानपुर नगर और उत्तर में प्लॉट संख्या 33 पूर्वः 6.09 मीटर रोड दक्षिणः प्लॉट संख्या 31 पश्चिमः प्लॉट संख्या 27 |
| आरक्षित मूल्य | रु. 69,30,000/– (रुपये उनहत्तर लाख तीस हजार मात्र) |
| बयाना राशि (ईएमडी) | रु. 6,93,000/– (रुपये छह लाख तिरानबे हजार मात्र) ईएमडी 08–09–2025 को दोपहर 02.00 बजे तक या उससे पहले जमा की जानी चाहिए। |
| बोली की वृद्धिशील राशि | रु. 50,000/– (केवल पचास हजार रुपये) |
| ई–नीलामी की तिथि और समय | 09–09–2025 प्रातः 11:00 बजे से 11:30 बजे तक (बिक्री पूर्ण होने तक 5 मिनट के असीमित स्वतः विस्तार के साथ) |
| बैंक को ज्ञात ऋणभार | 01–12–2019 से 23–06–2024 तक शून्य/ऋणभार। |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड, (सुरक्षित ऋणदाता) की वेबसाइट **www.southindianbank.com** के वेब पोर्टल पर दिए गए लिंक को देखें। विवरण **https://bankauctions.in** पर भी उपलब्ध हैं।
संपत्ति के निरीक्षण, ई–नीलामी के नियमों और शर्तों या बोलियाँ जमा करने के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड से 8491–840–394 / 7309–655–552 / 9007–046–006 (संपर्क संख्या) पर संपर्क करें।

हस्ता./–
स्थान : कानपुर प्राधिकृत अधिकारी



**रिच यूनिवर्स नेटवर्क लिमिटेड**
CIN: L51100UP1990PLC012089
(पूर्व में रिच कैपिटल एंड फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
पंजी. कार्यालयः 7/125, (सी–2), द्वितीय तल, स्वरूप नगर, कानपुर– 208002
ईमेलः **rcfsl@rediffmail.com**

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 35वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) मंगलवार, 16 सितंबर, 2025 को अपराह्न 04:15 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 7/125, (सी–2), द्वितीय तल, स्वरूप नगर, कानपुर–208002 में आयोजित की जाएगी। प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2024–2025 के लिए एजीएम की सूचना और वित्तीय विवरण (स्टैंडअलोन), बोर्ड की रिपोर्ट, ऑडिटर की रिपोर्ट और उसके साथ संलग्न होने वाले आवश्यक अन्य दस्तावेजों के साथ, कंपनी के सभी सदस्य को भेज दिया गया है, जिनका ईमेल पता कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ पंजीकृत है। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 के नियम 10 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 42 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों के अनुसार, एजीएम के उद्देश्य से कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर रजिस्टर 09 सितंबर, 2025 से 16 सितंबर, 2025 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेगा।

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014, यथा संशोधित, के नियम 20 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को नेशनल सर्विसेज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के माध्यम से नोटिस में उल्लिखित सभी व्यवसाय करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक सुविधा (रिमोट ई–वोटिंग) प्रदान करने में प्रसन्न है।
सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है किः–

(ए) एजीएम में रिमोट इ–वोटिंग या वोटिंग द्वारा वोट करने के लिए सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने की अंतिम तिथि 09 सितंबर, 2025 है।
(बी) रिमोट ई–वोटिंग 13 सितंबर, 2025 को सुबह 09:00 बजे आईएसटी पर शुरू होगी और 15 सितंबर, 2025 को शाम 05:00 बजे आईएसटी पर समाप्त होगी। उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(सी) एक व्यक्ति, जिसने ईमेल भेजने की तारीख यानी 21 अगस्त, 2025 के बाद शेयर हासिल कर लिया है और कंपनी का सदस्य बन गया है और कट ऑफ तारीख यानी 09 सितंबर, 2025 को शेयर रखता है, वह www.evoting.nsdl.com पर अनुरोध भेजकर लॉगिन करने की प्रक्रिया प्राप्त कर सकता है। हालाँकि, यदि व्यक्ति ई वोटिंग के लिए पहले से ही एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो वह ई वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए अपनी मौजूदा लॉगिन आईडी/यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।
(डी) भौतिक विधि में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार की वेबसाइट www.skylinerta.com पर जाएं, ईमेल पंजीकरण पर क्लिक करें और उसमें आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें।
(ई) डिमटेरियलाइज्ड विधि में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने ईमेल पते को डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत/अपडेट करें, जिनके साथ वे अपने डीमैट खाते बनाए रखते हैं।
(एफ) एजीएम का नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.richuninet.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है;
(जी) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रक्रिया 35वीं वार्षिक आम बैठक के नोटिस के साथ-साथ सदस्यों को भेजे गए ईमेल और एनएसडीएल वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है। ई–वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य evoting@nsdl.co.in/या rcfsl@rediffmail.com पर ई–मेल कर सकते हैं;
(ज) सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम के नोटिस में दिए गए सभी नोट्स और विशेष रूप से एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग या बैलेट पेपर के माध्यम से वोट डालने के तरीके को ध्यान से पढ़ें।

सेबी के 2 जुलाई 2025 के परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 के अनुसार, शेयरधारकों के लिए 7 जुलाई 2025 से 6 जनवरी 2026 तक छह महीने की एक विशेष अवधि खोली गई है ताकि वे भौतिक शेयर हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः दर्ज कर सकें जो मूल रूप से 1 अप्रैल 2019 से पहले दर्ज किए गए थे लेकिन कमियों के कारण अस्वीकार कर दिए गए थे या संसाधित नहीं किए गए थे। ऐसे अनुरोध, उपरोक्त छह महीने की अवधि के भीतर सुधारे और पुनः प्रस्तुत किए जाने के बाद, केवल डीमैट रूप में ही संसाधित किए जाएँगे। शेयरधारकों को कंपनी के आरटीए, स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को पूर्ण अनुरोध प्रस्तुत करना होगा, या कंपनी से rcfsl@rediffmail.com पर संपर्क करना होगा।

बोर्ड के आदेशानुसार
**कृते रिच यूनिवर्स नेटवर्क लिमिटेड**
हस्ता/–
स्थानः कानपुर आस्था चतुर्वेदी
दिनांकः 21 अगस्त, 2025 कंपनी सचिव


## अग्निवीर भर्ती : पहले दिन गौतमबुद्धनगर और शामली के अभ्यर्थियों ने लगाई दौड़

मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (जनसत्ता)।

अग्निवीर सेना भर्ती 2025 के लिए चल रही प्रक्रिया के पहले दिन शुक्रवार को जनपद गौतमबुद्धनगर एवं शामली के अभ्यर्थियों ने दौड़ लगाई। सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में अभ्यर्थियों ने दौड़ व अन्य प्रक्रिया संपन्न की। पांच सितंबर तक चलने वाली इस भर्ती में पश्चिम उत्तर प्रदेश के 13 जिलों से करीब 17,000 से अधिक युवा हिस्सा लेंगे।

युवाओं की सुविधा को देखते हुए नार्दर्न रेलवे ने गाजियाबाद से सहारनपुर के बीच दो स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया ताकि भर्ती में आने वाले उम्मीदवारों को किसी तरह की असुविधा न हो। गौतमबुद्धनगर व शामली के अलावा बिजनौर, बागपत, सहारनपुर, बुलंदशहर, अमरोहा, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद हापुड़, मेरठ व मुजफ्फरनगर से हजारों की संख्या में युवा सेना में शामिल होने का सपना लेकर मुजफ्फरनगर पहुंचे हैं। मुजफ्फरनगर पुलिस और जिला प्रशासन ने स्टेडियम और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीमें सक्रिय हैं।


**तैयारी** गाजियाबाद में शुक्रवार को भगवान गणेश की प्रतिमा में रंग भरती कलाकार।

# पार्किंग विवाद में शिक्षक की पीट-पीट कर हत्या, तीन गिरफ्तार

वाराणसी, 22 अगस्त (जनसत्ता)।

भेलूपुर थाना क्षेत्र में पार्किंग विवाद में एक निजी स्कूल के शिक्षक की ईंट और लोहे की छड़ से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) सरवन. टी ने बताया कि भेलूपुर थाना क्षेत्र के मातृ अपार्टमेंट में रहने वाले शिक्षक प्रवीण झा (48) की गुरुवार रात पार्किंग को लेकर अपार्टमेंट में ही रहने वाले आदर्श सिंह से कहासुनी हो गई। इसके बाद आदर्श ने अपने दो साथियों करण व सतीश पटेल के साथ मिलकर प्रवीण की ईंट और लोहे की छड़ से पिटाई कर दी जिससे प्रवीण गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि परिजन तत्काल उन्हें ट्रामा सेंटर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि परिजन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने देर रात तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई की जा रही है।

**वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र के मातृ अपार्टमेंट में रहते थे शिक्षक, मुख्य आरोपी आदर्श सिंह भी था यहीं का निवासी।**

पुलिस उपायुक्त ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी आदर्श एक निजी कंपनी में मार्केटिंग का कार्य करता है। वह पटना के कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति का बेटा है। साल भर पहले ही चंदौली निवासी करण से उसकी दोस्ती हुई थी। उसका साथी सतीश पटेल मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचा था। घटना के समय आदर्श नशे की हालत में था।


**यू ग्रो कैपिटल लिमिटेड**
UGRO CAPITAL
चौथी मंजिल, टॉवर 3, इक्विनॉक्स बिजनेस पार्क, एलबीएस रोड, कुर्ला, मुंबई 400070

**मांग सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (नियम) के प्रावधानों के तहत।**

अधोहस्ताक्षरी अधिनियम के तहत यू ग्रो कैपिटल लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नियम 3 के साथ, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी करते हुए, निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान करते हैं। नीचे हस्ताक्षरकर्ता का यथोचित मानना है कि उधारकर्ता(ऋणकर्ता) मांग नोटिस की तामील से बच रहे हैं, इसलिए मांग नोटिस की तामील नियमों के अनुसार चिपकाकर और प्रकाशित करके की जा रही है। मांग नोटिस की विषय–वस्तु नीचे उद्धृत की गई हैः

| क्र.सं. | उधारकर्ता(ओं) के नाम | मांग सूचना की तिथि और राशि |
|---|---|---|
| 1 | 1. एपेक्स एंटरप्राइजेज 2. एपेक्सकेयर मेडिजेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड 3. राकेश कुमार शर्मा 4. आरती शर्मा लैन – UGLOWSS0000066372 | मांग सूचना की तिथिः 19 अगस्त 2025 सूचना की राशिः रु. 41,57,755.00/– 19 अगस्त 2025 तक |

**सुरक्षित संपत्ति(यों) का विवरणः–** मकान संख्या–599पीसी/457डी प्लॉट संख्या–47,48,49, 50 पर निर्मित, खसरा संख्या 609, 614, 665,667,668, 669, 676, 677, 678 और 674 का हिस्सा, क्षेत्रफल–768 वर्ग फीट, ग्राम–पारा, वार–आलमनगर, तहसील और जिला–लखनऊ में स्थित, इस प्रकार घिरा हुआः उत्तरः आभा का मकान, दक्षिणः श्री कुवारे का प्लॉट/मकान, पूर्वः उषा दीक्षित का प्लॉट, पश्चिमः 15 फीट चौड़ी सड़क

उधारकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे मांग नोटिस का अनुपालन करें और इसमें उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर करें, साथ ही भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक लागू ब्याज, विलंबित भुगतान दंड, बाउंस शुल्क, लागत और व्यय आदि का भुगतान करें। उधारकर्ता ध्यान दें कि यूग्रो कैपिटल लिमिटेड एक सुरक्षित ऋणदाता है और उधारकर्ताओं द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा यू ग्रो कैपिटल लिमिटेड के पास उधारकर्ताओं द्वारा गिरवी रखी गई अचल संपत्ति के विरुद्ध एक सुरक्षित ऋण है।
यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से निर्वहन करने में विफल रहता है, तो यूग्रो कैपिटल लिमिटेड अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कब्जा करने के लिए सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें उधारकर्ता के ऋण खाते में बकाया राशि वसूलने के लिए बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके तहत नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय को लागू करके इसे स्थानांतरित करना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। यूग्रो कैपिटल लिमिटेड को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित परिसंपत्तियों को कुर्क करने और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री के बाद, यूग्रो कैपिटल लिमिटेड को बकाया राशि वसूलने के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, यदि सुरक्षित परिसंपत्तियों का मूल्य उधारकर्ता द्वारा यूग्रो कैपिटल लिमिटेड को देय बकाया राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय यूग्रो कैपिटल लिमिटेड को किसी अन्य कानून के तहत उपलब्ध सभी उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है।
उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में और आगे अधिनियम की धारा 13(13) की ओर, जिसके तहत उधारकर्ताओं को यूग्रो कैपिटल लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या लेन–देन करने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यापार के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को हस्तांतरित करने से रोका/निषिद्ध किया जाता है और उपरोक्त का अनुपालन न करना अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग नोटिस की प्रति नीचे हस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध है और उधारकर्ता, यदि वे चाहें तो नीचे हस्ताक्षरकर्ता से इसे प्राप्त कर सकते हैं।

स्थानः उत्तरप्रदेश हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी)
दिनांकः 23/08/2025 यू ग्रो कैपिटल लिमिटेड के लिए, authorised.officer@ugrocapital.com



**साँकेतिक अधिग्रहण सूचना**
ICICI Home Finance
**पंजीकृत कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई–400051
**निगमित कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी कुर्ला रोड, जेबी नगर, अंधेरी (पूर्व), मुंबई– 400 059
**शाखा कार्यालय** : 200/45/4, प्रथम तल, इंदिरा आर्केड, महात्मा गांधी मार्ग, सिविल लाइंस, इलाहाबाद – 211001

जबकि,
अधोहस्ताक्षरकर्ता ने आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, निम्न संवर्णित ऋणकर्ताओं को माँग सूचएनएएं निर्गत की थीं, जिनमें सूचएनएओं में अंकित राशि का उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
चूँकि ऋणकर्ता निर्धारित बकाया राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा ऋणकर्ता को एवं जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न विवरणित संपत्ति का, उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अंतर्गत उनको प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, निम्नांकित तिथियों पर अधिग्रहण कर लिया है। ऋणकर्ता को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन–देन न करें तथा संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन–देन, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।
ऋणकर्ता का ध्यान, प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचनार्थ उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | ऋणकर्ता / सह–ऋणकर्ता(ओं) के नाम / ऋण खाता संख्या | संपत्ति का विवरण / अधिग्रहण की तिथि | माँग सूचना की तिथि / माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जितेंद्र कुमार (ऋणकर्ता), पुष्पा कौशल (सह–ऋणकर्ता), LHALD00001439572 | अरजी संख्या 516 मौजा बहमलपुर परगना एवं तहसील सोरांव जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश 212109, सीमा :– उत्तर : श्रीमती अनीता देवी का मकान, दक्षिण : वीणा यादव की खुली भूमि, पूर्व : 13 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता, पश्चिम : वीणा यादव का प्लॉट। अधिग्रहण की तिथि : 20 अगस्त 2025, | 17–04–2025 रु. 306011/– | इलाहाबाद प्रयागराज |

ऊपर–वर्णित ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) को एतद्द्वारा निर्धारित बकाया राशि का प्रतिभुगतान करने के लिए एक 30 दिवसीय सूचना दी जाती है, अन्यथा बंधककृत संपत्तियों का, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवसों के समापन पर, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 एवं 9 के अंतर्गत उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार, विक्रय कर दिया जायेगा।
दिनाँक : 23/08/2025, स्थान : प्रयागराज प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड


# यूपीसीडा और सीईएल के बीच करार, सौर ऊर्जा और ई-वाहन चार्जिंग पर जोर

लखनऊ, 22 अगस्त (भाषा)।

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) और सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) ने सतत (सस्टेनेबल) और स्मार्ट औद्योगिक अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार से उत्तर प्रदेश न केवल पर्यावरण-अनुकूल औद्योगिक विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा, बल्कि शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को भी हासिल करने की ओर अग्रसर होगा। इस एमओयू पर यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मयूर महेश्वरी और सीईएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) चेतन प्रकाश जैन ने हस्ताक्षर किए।

एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृष्टिकोण 'सशक्त और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। समझौते के प्रमुख बिंदुओं में नवीकरणीय ऊर्जा समाधान, औद्योगिक क्षेत्रों में छतों और भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए सौर स्ट्रीट लाइटिंग, हाइब्रिड सिस्टम और ऊर्जा भंडारण तकनीकों का विकास होगा। आइटी और स्मार्ट अवसंरचना स्मार्ट सर्विलांस (सीसीटीवी), एक्सेस कंट्रोल, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और केंद्रीकृत मानिटरिंग डैशबोर्ड से औद्योगिक क्षेत्रों को सुरक्षित और हाई-टेक बनाया जाएगा।

ई-वाहन (ईवी) अवसंरचना के तहत औद्योगिक क्षेत्रों में ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे, जिन्हें नवीकरणीय ऊर्जा से एकीकृत कर सतत परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। अवसंरचना उन्नयन एवं आधुनिकीकरण के तहत औद्योगिक क्षेत्रों में सिविल, यांत्रिक और विद्युत अवसंरचना का आधुनिकीकरण होगा।

# करंट लगने से पिता और पुत्र समेत तीन लोगों की गई जान

महराजगंज/बलिया, 22 अगस्त (भाषा)।

महराजगंज के टूठीबारी थाना क्षेत्र के गांव सुकरहर में शुक्रवार सुबह खेत में सिंचाई करते समय करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत हो गई। वहीं बलिया जिले में टेबल फैन हटाते समय करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

ठूठीबारी थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र मिश्रा ने बताया कि सुकरहर गांव निवासी श्रीकांत यादव (60) और उनका बेटा संतोष यादव (25) शुक्रवार सुबह खेत में सिंचाई करने गए थे। पानी के पंप से जुड़े बिजली के तार के संपर्क में आने से उन्हें करंट लग गया और दोनों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है।

वहीं, बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र में गुरवार रात चौकियां मोड़ के समीप एक झोपड़ी में रहने वाले प्रकाश बांसफोड़ (40) की टेबल फैन हटाते समय करंट लगने से मौत हो गई। थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।